मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
26 सितम्बर, 2025

# खुला आश्रय गृह को गोद लेगा मुक्त विश्वविद्यालय




## प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर आश्रय गृह के बच्चों से मिले कुलपति, खिलौने पाकर खुश हुए बच्चे

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत शुक्रवार को शांतिपुरम, फाफामऊ, प्रयागराज में स्थित खुला आश्रय गृह को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पठन–पाठन से संबंधित सामग्री प्रदान की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बच्चों को पठन–पाठन हेतु पुस्तक, कॉपी, पेन्सिल, रबड़, स्केल, शार्पनर के साथ ही आश्रय गृह को एक सेट किट भेंट किया। इस अवसर पर कुलपति ने इस खुला आश्रय गृह को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर खुला आश्रय गृह की अधीक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, नंदिनी, निखिलेश,अर्चना तथा अनिल आदि को बच्चों के पठन–पाठन के लिए सफेद बोर्ड, कुर्सी, खिलौने तथा पाठ्य पुस्तकें प्रदान की। कुलपति ने बच्चों को हर सहायता उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया और उनके स्वस्थ तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति किशोर न्याय प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश कुमार मिश्र ने खुला आश्रय गृह के कार्यकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ मिश्र ने कुलपति के इस प्रयास की सराहना की।





*बच्चों को पुस्तकें एवं किट प्रदान करते माननीय कुलपति जी*




*बच्चों से बातचीत करते हुए मा. कुलपति जी एवं कुलसचिव जी साथ में खुला आश्रय गृह की अध्यक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी एवं बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय), प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र जी।*



*बच्चों को पुस्तकें एवं किट प्रदान करते माननीय कुलपति जी*



*किट प्रदान करते माननीय कुलपति जी*



*खुला आश्रय गृह की अध्यक्षिका श्रीमती दिव्या त्रिपाठी ने यहाँ की संचालित गतिविधियों से मा.कुलपति आचार्य सत्यकाम जी एवं बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय), प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र जी को अवगत कराते हुए, साथ में कार्यक्रम समन्वयक।*

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, कार्यक्रम नोडल प्रभारी, प्रोफेसर पी. के. पाण्डेय, (निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ) प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, (निदेशक, मानविकी विद्या शाखा), प्रोफेसर संतोषा कुमार, (निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा) प्रोफेसर संजय कुमार सिंह, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, डॉ. आनंदा नन्द त्रिपाठी, डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी (प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ) के साथ ही कार्यक्रम समन्वयक द्वय डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. सतीश चन्द्र जैसल आदि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर विशेष रूप से बाल कल्याण समिति किशोर न्याय प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश कुमार मिश्र जी उपस्थित रहे।